MINDA CORPORATION LIMITED
(Group Corporate Office)

August 14, 2026

The Officer-In-Charge (Listing) **Listing Department** **National Stock Exchange of India Ltd.,** **Exchange Plaza, Bandra Kurla Complex,** **Bandra (East),** **Mumbai – 400 051** **Scrip Code: MINDACORP**	**Head - Listing Operations,** **BSE Limited,** **P.J. Towers, Dalal Street, Fort,** **Mumbai – 400 001** **Scrip Code: 538962**

Sub: Filing of clippings of the Audited Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter ended on June 30, 2026 published in the newspapers under Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Company has published Audited Standalone and Consolidated Financial Results of the Company for the Quarter ended on June 30, 2026 in the newspapers in The Economics Times and Navbharat Times (Delhi and Mumbai Edition) on August 14, 2026 and clippings of the same are being submitted for your reference and records.

You are requested to kindly take the same on record for your further needful.

Thanking You,

Yours faithfully,

For Minda Corporation Limited

PARDEEP MANN

Digitally signed by PARDEEP MANN
Date: 2026.08.14 10:26:25 +05'30'

Pardeep Mann
Company Secretary
Membership No. A13371

Encl. as above:

Soft Ball, Hard Questions

India's inexperienced attack has no clear template to follow as conditions remain difficult to read

Captain Shubman Gill (L) and coach Gautam Gambhir inspect the pitch

Anand Vasu

BAT ON REGARDLESS

In Asia, making plans two days before a Test match, based on what a pitch looks like then, is a dangerous business. Often, the most critical work on the surface happens at the last minute, especially if the home side is looking for something dry that will tilt the scales in favour of the spinners.

In Galle, where India and Sri Lanka will play starting Saturday, there was a time when turn was guaranteed. And not just slow turn, but sharp turn and variable bounce as the game wore on. The primary reason for this is the sea breeze that blows across the ground, which dries the pitch.

Typically, if the curator wanted to counter this, he would leave the pitch block as moist as possible and rolled hard. But when you want spin bowlers to play a major part, you let it dry out, and that leaves you open to ending up with an extreme surface.

In 2011, when the Galle pitch was rated "poor" by the ICC, it announced a shift in thinking for Sri Lanka Cricket. They became much more wary of producing rank turners, and ahead of India's Test there appeared to be some tentativeness about what surface would best suit the home side.

One school of thought was that India needed the wins more than Sri Lanka, in the context of the World Test Championship, so the smart thing to do, even if it was defensive, was to prepare a true surface that let batsmen dominate. This would go against the grain of Sri Lanka's traditional strength at this venue.

But Morne Morkel, India's bowling coach, who has fond memories of playing at this picturesque venue, was clear that there would be no shortcuts when it came to taking 20 wickets. India arrived in Sri Lanka 10 days early and put in extra practice sessions to ensure that each member of the bowling group had a chance to identify the approach that would best work for them in the conditions.

Given that Mohammed Siraj is supported by Prasidh Krishna (7 Tests) and the uncapped duo of Gurnoor Brar and Auqib Nabi, they needed to put in the hard yards.

"Our skill is there, and the planning will be there, but the biggest challenge coming to Sri Lanka is the heat, the humidity and the Kookaburra ball going soft a little earlier," Morkel said, standing on the outfield under blue skies with the fort and clock tower in the backdrop.

"It will go soft after 25 or 30 overs, so we have to expect that. In these conditions, it's all about your mindset. If you're a fast bowler, if you're going to bowl the shortest spells, the energy you put in the ball and putting it into good areas — you'll always have an opportunity. As the Test match will go on, hopefully there will be a little bit of uneven bounce."

> India arrived 10 days early and put in extra practice sessions to ensure that each bowler had a chance to identify the approach that would best work for them in the conditions

The default position coming into a Galle Test is to stack the spin department, but for once it's not clear if this is the direction India will take. Prasidh is the frontrunner to partner Siraj if only two quicks were played, but there is a real temptation to go with Brar, who has all the makings of being a persistent threat. "It's about how we can stack up overs together with intensity and create that pressure. Because we haven't played a lot of red-ball cricket in the last couple of months, going back into that is going to be a challenge as well," said Morkel.

"Even in our playing days, I thought if you hit the deck hard here you are asking lots of questions on a good length, you're always in the chance of picking up results. When the ball goes soft, what is our next step? We have to be street smart in terms of how we're going to use the crease or how we're going to use our short ball. We need to be able to do some of that quite quickly."

The long and short of it was that India were in a slightly tricky situation because it was not blindingly obvious what they needed to prioritise, pace or spin. In an ideal scenario, a team would have all bases covered. But, with the inexperience in this attack, a more nuanced approach is the order of the day.

It's intriguing that the pitch should leave so much room for debate given that this is the 50th Test match that will be played at the venue. No other Asian ground has hit that milestone yet. But then, this is the beauty of Galle: enjoying it is much more straightforward than trying to understand it.

> Cricket is largely about how you use your skills and build strategy in real time. The game unfolds very differently, and players need to navigate those different situations that they're confronted with in a match. So, our focus has really been on: what's our plan A, B, and C against every batter, and against every bowler, based on what the situation in the match requires us to deliver
>
> **GARY KIRSTEN** Sri Lankan men's cricket team coach

Sri Lanka vs India First Test (Aug 15-19) Sony Ten and SonyLIV

Motilal Oswal Group Commits ₹1.5k cr to Inox Clean Energy

Structured private credit facility to help co fund acquisitions; initial ₹1,000 crore deployed



Our Bureau

Mumbai | New Delhi: Motilal Oswal Group has committed ₹1,500 crore to privately held Inox Clean Energy, the renewable energy platform of the INOXGFL Group, in a structured private credit transaction that will fund acquisitions and other growth initiatives as the company scales up its renewable power generation and solar manufacturing businesses.

The initial ₹1,000 crore has already been deployed, with the remainder expected to be drawn in the coming weeks as Inox's identified acquisitions and capex plans progress. The investment is being made through compulsorily convertible debentures (CCDs).

"The transaction is structured as hybrid capital, combining debt-like downside protection with an equity linked upside," said Rakshat Kapoor, head private credit at MO Alternates. "The CCDs are expected to convert into equity when Inox Clean accesses the capital markets and we are targeting an exit through an eventual initial public offering."

Inox Clean had filed a draft prospectus last year for a proposed initial public offering (IPO) but later withdrew it. The company is expected to continue its listing plans, with a potential IPO over the next 12-24 months.

"This investment from the Motilal Oswal Group is a strong endorsement of our integrated business model, execution capabilities and long-term vision," said Devansh Jain, executive director, INOXGFL Group.

Including the latest round, Inox Clean Energy has raised a total of ₹5,300 crore in a mix of equity and hybrid instruments since the start of 2026. It secured ₹700 crore by selling shares to Adar Poonawalla in July at a valuation of ₹70,000 crore. In January, it garnered ₹3,100 crore by selling shares to investors such as US-based CalPERS, Enam Holdings' Akash Bhansali, RJ Corp, and Hero Group.

For this transaction, Motilal Oswal's private credit balance sheet provided the initial ₹1,000 crore, with co-investors likely to join at a later stage. The deal is expected to generate return in the mid-teens range, with the ultimate return also linked to the valuation at which the CCDs convert into equity. It includes a floor value for the equity, providing downside protection.

The funding comes as renewable energy platforms in India consolidate rapidly, with larger operators acquiring operating assets.

Inox Clean's immediate use of funds includes financing the purchase of a portfolio from Vena Energy, with the overall deal valued at about ₹6,000 crore. The acquisition is being funded through a mix of operating company debt and equity, with Motilal Oswal's capital forming part of the equity funding. The remaining ₹500 crore commitment could also be used for other acquisitions and greenfield or brownfield capex currently under discussion.

Kennametal Records 3x Profit in June Qtr

Bengaluru: Bengaluru-based Kennametal India, which manufactures precision cutting tools, engineered components and advanced materials for customers across industries, reported a nearly threefold increase in profit after tax to about ₹89 crore for the quarter ended June 30, as strong demand across end-use segments boosted revenue.

Profit rose 73% sequentially from around ₹51 crore in Q3FY26 and from around ₹31 crore in Q4FY25.

Kennametal India follows a financial year from July 1 to June 30.

"We are pleased to end FY26 on a strong note, delivering healthy revenue growth and profits," said Kennametal India managing director Vijaykrishnan Venkatesan. -**Our Bureau**

SC Seeks CCI Response in Kerala Beverages Corp Case

Our Bureau

New Delhi: The Supreme Court on Thursday sought a response from the Competition Commission of India (CCI) and others on the Confederation of Indian Alcoholic Beverage Companies' appeal (CIABC) against the Kerala State Beverages (Manufacturing and Marketing) Corporation's (KSBC) alleged abuse of dominant position in the liquor market through a series of unfair and unilateral trade practices, including unilaterally fixing purchase prices, discriminating between government and private manufacturers and levying additional charges in Kerala.

The bench issued notice and posted the matter for further hearing on September 23.

The industry association, representing alcohol beverage companies in India, alleged that KSBC was giving preferential treatment to Travancore Sugar and Chemicals, a government-owned distillery, for the wholesale procurement and distribution of branded alcoholic beverages in the state.

The best-selling liquor in Kerala is rum, where Travancore Sugar supplies "Jawan Rum", senior counsel Amit Sibal argued on behalf of CIABC.

Stating that Jawan Rum was being sold at a lower price, he asked whether KSBC, being the sole purchaser of alcoholic beverages in the state, could extend preferential terms to a state-owned manufacturer.

जापान के दावे वाले कुरील द्वीप पहुंचे पुतिन, बढ़ा विवाद

■ एजेंसी, मॉस्को: रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को पहली बार विवादित कुरील द्वीप समूह के इटुरुप द्वीप का दौरा किया। इस द्वीप पर रूस का नियंत्रण है, लेकिन जापान इसे अपना क्षेत्र मानता है और उत्तरी क्षेत्र कहता है। पुतिन ने यहां मछली प्रसंस्करण संयंत्र, अस्पताल और स्कूल का दौरा किया। जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने पुतिन की यात्रा पर कड़ा विरोध जताया और रूसी राजदूत निकोलाई नोज़ड्रेव को तलब किया। उन्होंने इसे अस्वीकार्य बताया।

आरजी कर केस में पूर्व TMC विधायक अरेस्ट

रेप-मर्डर से जुड़े सबूत मिटाने, आपराधिक साजिश रचने के मामले में गिरफ्तारी

■ भाषा, कोलकाता

AI image

आरजी कर मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में रेप और मर्डर की शिकार हुई डॉक्टर के शव का अंतिम संस्कार जल्दबाजी में करने के मामले में गुरुवार को पूर्व TMC विधायक निर्मल घोष को सीबीआई ने गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पानीहाटी के पूर्व विधायक घोष को सबूत मिटाने, आपराधिक साजिश रचने और किसी को उसकी मर्जी के खिलाफ काम करने के लिए मजबूर करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी पीड़िता के पिता द्वारा सोमवार को खरदाह पुलिस थाने में नई शिकायत दर्ज कराने के बाद हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि घोष उन तीन लोगों में शामिल थे जिन्होंने उनकी बेटी के शव का 'जल्दबाजी में अंतिम संस्कार' करने के लिए मजबूर किया था। शिकायत में तृणमूल सदस्य और पानीहाटी नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन सोमनाथ डे और परिवार के पड़ोसी संजीव मुखर्जी दो अन्य लोग हैं जिन्हें नामजद किया गया है।

पुलिस ने बताया कि घोष को शुक्रवार को उन्हें नॉर्थ 24 परगना जिले की बैरकपुर कोर्ट में पेश किए जाने की संभावना है। पानीहाटी में रविवार को पीड़ित महिला डॉक्टर की श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के बाद शुभेंदु ने बैरकपुर के पुलिस आयुक्त को जल्दबाजी में किए गए कथित अंतिम संस्कार की नए सिरे से जांच शुरू करने का निर्देश दिया।

कॉलेज के टॉयलेट में मृत मिली नर्स

■ भाषा, कोलकाता: कोलकाता के नीलरतन सरकार मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक 30 साल की नर्स मृत मिली। पुलिस के अनुसार, नर्स बुधवार रात अस्पताल की विशेष निगरानी इकाई में ड्यूटी पर थी। वह रात करीब 8 बजे ड्यूटी पर आई थी। जब वह काफी देर तक नहीं लौटी, तो उसके सहकर्मियों ने जाकर देखा तो शौचालय का दरवाजा अंदर से बंद था। प्रारंभिक जांच में शरीर पर चोट के कोई प्रत्यक्ष निशान नहीं मिले हैं।

23 साल बाद इराक से अमेरिकी सैनिकों की पूरी वापसी होगी

■ NBT रिपोर्ट: अमेरिका 30 सितंबर तक इराक में अपनी सैन्य उपस्थिति खत्म कर अपने सैनिकों को वापस बुलाने की तैयारी में है। इसके साथ ही 2003 में इराक पर अमेरिकी हमले से शुरू हुई सैन्य मौजूदगी का एक और अध्याय खत्म हो जाएगा। अमेरिकी और इराकी अधिकारियों ने पहली बार इसकी पुष्टि की है। TOI के मुताबिक, इराकी प्रधानमंत्री अली अल-जैदी ने गुरुवार को अमेरिकी सेंट्रल कमांड के प्रमुख एडमिरल ब्रैड कूपर के साथ बैठक में 30 सितंबर को 'तय और अंतिम तारीख' बताया।

राम मंदिर के CEO की दौड़ अंतिम चरण में, 3 नाम चुनेंगे

■ NBT न्यूज, अयोध्या: राम मंदिर के CEO के चयन की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। अयोध्या में 16 उम्मीदवारों के आमने-सामने इंटरव्यू पूरे होने के बाद चयन समिति मेरिट के आधार पर 3 नाम तय करेगी। ये नाम श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भेजे जाएंगे और इनमें से किसी एक को CEO चुनने का अंतिम फैसला 2 सितंबर को ट्रस्ट करेगा। CEO चयन समिति के सचिव समीर पंडा के मुताबिक, तीनों नाम पूरी पारदर्शिता से तय किए जाएंगे। चयन प्रक्रिया के तहत कुल 5,588 आवेदन आए थे।

ऑटो चालक ने महिला से की अश्लील हरकत

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: पवई इलाके में एक महिला यात्री के साथ ऑटो चालक द्वारा अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पवई पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक विश्वास तुकाराम कदम (42) के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, घटना 11 अगस्त की रात करीब 9:20 बजे की है। महिला ने सड़क से गुजर रहे ऑटो को रोककर चालक से आईआईटी मार्केट जाने के बारे में पूछा। चालक ने उन्हें ऑटो में बैठने को कहा और करीब 10 से 20 मीटर आगे जाकर रिक्शा रोक दिया। उसने मीटर खराब होने और आईआईटी मार्केट में ट्रैफिक होने की बात कही। इस पर महिला ऑटो से उतर गईं और हिरानंदानी कैलाश नगर जाने की बात कही। आरोप है कि इसके बाद चालक ने महिला से किराये के बारे में पूछा और अचानक पैंट की जिप खोलकर अश्लील हरकत करते हुए अपना गुप्तांग दिखाया। घबराई महिला ने पुलिस में शिकायत की। पवई पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 79 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को विक्रोली सूर्यानगर से गिरफ्तार किया। जांच PSI अमोल गोडे कर रहे हैं।

बादल पर हमला करने वाले की मंशा जानना जरूरी: CM

हमलावर को नांदेड पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

नांदेड़ में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष और पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर हमला करने वाले हमलावर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। नांदेड़ के पुलिस अधीक्षक (एसपी) नीलाभ रोहन के अनुसार, एक निहंग ने गुरुद्वारे के अंदर बादल पर कृपाण से हमला किया। दूसरी ओर पूरे मामले की जांच के आदेश महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए। उन्होंने कहा कि हमला करने वाले की मंशा और उनके पीछे किसका हाथ है, यह जानना जरूरी है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, सीएम फडणवीस ने नांदेड़ के पुलिस अधीक्षक से घटना के बारे में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने नांदेड के पुलिस अधीक्षक से घटना के बारे में जानकारी ली

बीजेपी के वरिष्ठ नेता आर. पी. सिंह ने बादल पर हुए हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि हिंसा का ऐसा कृत्य पूरी तरह अस्वीकार्य है। उन्होंने सीएम से इस घटना की पूरी और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की अपील की। सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैं नांदेड़ में सुखबीर सिंह बादल पर हुए हमले की कड़ी निंदा करता हूं।

देवेंद्र फडणवीस

सुखबीर सिंह बादल

क्या है मामला: शिरोमणि अकाली दल (शिअद) प्रमुख एवं पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर गुरुवार को नांदेड में कृपाण से हमला किया गया। पुलिस के अनुसार, नांदेड में करीब पौने दो बजे जब बादल गुरुद्वारा माता साहिब देवान जी नमन जा रहे थे, तब एक व्यक्ति ने उन पर चाकू से हमला किया। बादल को इलाज के लिए तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया।

डिप्टी सीएम शिंदे ने बादल से की बात

■ नांदेड स्थित गुरुद्वारा परिसर में बादल पर हमले का संज्ञान लेते हुए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि आज सुखबीर सिंह बादल की पत्नी एवं सांसद हरसिमरत कौर बादल से फोन पर बातचीत कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने बादल के स्वास्थ्य की आत्मीयता से जानकारी ली और उनके जल्द से जल्द पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की प्रार्थना की। साथ ही उन्होंने कौर को स्पष्ट आश्वासन दिया कि इस हमले के दोषियों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। शिंदे ने भी नांदेड के पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर हालात की जानकारी ली। उन्होंने पुलिस प्रशासन को घटना की गहन जांच करने, सुरक्षा में हुई किसी भी चूक की जांच करने तथा इस कृत्य के पीछे शामिल सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।

बोरीवली में 20 लाख रुपये का हाइब्रिड गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: एमएचबी कॉलोनी पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 32 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 1 किलो हाइब्रिड गांजा बरामद किया जिसकी कीमत 20 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी के पास से एक कार और मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। जब्त संपत्ति की कुल कीमत करीब 27 लाख रुपये है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान इमाद अंसारी (32) के रूप में हुई है। 12 अगस्त की रात सूचना मिली कि एक व्यक्ति गांजा बेचने के लिए एक्सर स्थित रानी लक्ष्मीबाई गार्डन के पास एसके रिजॉर्ट रोड पर पहुंचने वाला है। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर अंसारी को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 1 किलो हाइब्रिड गांजा बरामद हुआ। एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर पुलिस गांजे के स्रोत और आरोपी के किसी बड़े ड्रग नेटवर्क से जुड़े होने की जांच कर रही है।

हाइब्रिड गांजा क्या होता है?

हाइब्रिड गांजा कैनबिस (गांजा) की दो मुख्य प्रजातियां–इंडिका और सैटिवा के पौधों को क्रॉस-ब्रीडिंग करके बनाई गई एक नई संकर किस्म का गांजा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाइब्रिड गांजे की कीमत 5,000 से 10,000 रुपये प्रति ग्राम तक होती है।

मुंबई पुलिस का दावा, बिश्नोई को नहीं बचा रहे

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: पुलिस ने विशेष अदालत में दावा किया है कि पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में फरार गैंगस्टर आरोपी अनमोल बिश्नोई को बचाने का कोई सवाल ही नहीं है। बिश्नोई की हिरासत हासिल करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस की ओर से यह जवाब अदालत की ओर से 5 अगस्त को जारी कारण बताओ नोटिस के जवाब में दिया गया है। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में पुलिस से पूछा था कि उसने बिश्नोई को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए क्यों नहीं पेश किया। बिश्नोई फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है। सिद्दीकी की 12 अक्टूबर, 2024 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

बेटिकट यात्रियों के अभद्र व्यवहार पर बॉडी कैमरा से रखी जाएगी पैनी नज़र

Priya.Pandey@Timesofindia.com

■ मुंबई: बिना टिकट यात्रा करने वालों और टिकट चेकरों (टीसी) के साथ बढ़ते विवादों के बीच पश्चिम रेलवे का मुंबई सेंट्रल डिविजन टिकट जांच व्यवस्था को हाईटेक बनाने जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत टिकट जांच कर्मचारियों को 15 बॉडी-वॉर्न कैमरे और 30 विशेष जैकेट उपलब्ध कराई जाएंगी। योजना के पहले चरण में एसी लोकल ट्रेनों पर विशेष फोकस रहेगा। 'नमस्ते अभियान' के तहत शुरू की जा रही इस पहल का मकसद टिकट जांच को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है।

हर गतिविधि होगी रिकॉर्ड: बॉडी कैमरे टीसी की जैकेट पर आगे की ओर लगाए जाएंगे, जो जांच के दौरान यात्रियों के साथ होने वाली बातचीत और घटनाओं को रिकॉर्ड करेंगे। कैमरों में एसडी कार्ड आधारित रिकॉर्डिंग सिस्टम होगा और माइक्रोफोन की मदद से आवाज भी स्पष्ट रूप से दर्ज होगी। रिकॉर्ड किए गए वीडियो और डेटा की समय-समय पर जांच और विश्लेषण किया जाएगा। इससे घटना की सही जानकारी सामने आएगी, रिपोर्ट तैयार करने में मदद मिलेगी और दोषी व्यक्ति की पहचान करना आसान होगा।

टीसी को दिया जाएगा विशेष जैकेट: टीसी के लिए तैयार की गई विशेष जैकेट में कई पॉकेट और कंपार्टमेंट होंगे, जिनमें टिकट जांच से जुड़ा सामान रखा जा सकेगा। माइक्रोफाइबर कपड़े से बनी यह जैकेट जल्दी सूखने वाली होगी और लंबे समय तक ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों के लिए सुविधाजनक रहेगी। इसके अलावा, नई जैकेट से अधिकृत रेलवे कर्मचारी की पहचान भी आसानी से हो सकेगी।

All image

- टीसी को मिलेगा हाईटेक जैकेट, कई पॉकेट और अलग-अलग कंपार्टमेंट
- हैंड हेल्ड टर्मिनल (HHT) और इलेक्ट्रॉनिक फेयर टिकट (EFT) मशीन रखने की सुविधा
- ID कार्ड और नेम बैज के लिए अलग जगह, अन्य जरूरी टिकट जांच उपकरण भी रख सकेंगे
- टिकट चेकरों की जैकेट के आगे लगाया जाएगा यह बॉडी कैमरा
- जल्दी सूखने वाले माइक्रोफाइबर कपड़े से किया गया है तैयार

बॉडी कैमरे और विशेष जैकेट के इस्तेमाल से टिकट जांच अभियान अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और पेशेवर बनेगा। इससे यात्रियों का विश्वास बढ़ाने के साथ-साथ टीसी की सुरक्षा और जवाबदेही भी मजबूत होगी।
–विनीत अभिषेक, CPRO, पश्चिम रेलवे

मुंबई में देश का पहला न्यूरो-ऑन्कोलॉजी पुनर्वास केंद्र शुरू

इंडियन कैंसर सोसायटी की पहल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: ब्रेन ट्यूमर का इलाज पूरा होने के बाद भी मरीज की चुनौती खत्म नहीं होती। सर्जरी, रेडिएशन के बाद पुनर्वास की जरूरत होती है। इसी उद्देश्य से परेल स्थित टाटा मेमोरियल अस्पताल और शिवडी स्थित इंडियन कैंसर सोसायटी की पहल पर देश का पहला समर्पित न्यूरो-ऑन्कोलॉजी पुनर्वास केंद्र शुरू किया गया है। 'अमृत स्पर्श' नाम के इस केंद्र में मरीजों के शारीरिक उपचार के साथ उनके पुनर्वास पर भी ध्यान दिया जाएगा।

सामान्य जिंदगी के लिए खुली राह

सिर्फ ठीक होना नहीं, बेहतर जीवन जरूरी: एशियन न्यूरो-ऑन्कोलॉजी सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. राकेश जलाली ने बताया कि ब्रेन ट्यूमर का पता चलने के समय से ही पुनर्वास की प्रक्रिया शुरू होनी चाहिए। मरीज चल सकता है या नहीं, सीढ़ियां चढ़ने, कपड़े पहनने, खाना खाने और टॉयलेट जाने जैसे रोजमर्रा के काम खुद कर सकता है या नहीं, इसके साथ उसकी याददाश्त, समझने की क्षमता, मानसिक स्वास्थ्य और पढ़ाई या नौकरी में लौटने की क्षमता का भी आकलन किया जाएगा। ब्रेन ट्यूमर के बाद पुनर्वास केवल फिजियोथेरेपी तक सीमित नहीं है। मरीजों को स्पीच थेरेपी, कॉग्निटिव ट्रेनिंग, काउंसलिंग, पोषण संबंधी सलाह और रोजगार से जुड़ी मदद भी दी जा सकती है। खासकर 15 से 39 वर्ष के मरीजों के लिए शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन में वापसी महत्वपूर्ण है।

बच्चों में प्रोटॉन थेरेपी मददगार

टाटा मेमोरियल सेंटर के निदेशक (अकादमिक्स) डॉ. सिद्धार्थ लास्कर ने बताया कि बच्चों में ब्रेन ट्यूमर के इलाज में प्रोटॉन थेरेपी उपयोगी हो सकती है। इससे आसपास के स्वस्थ हिस्सों को अपेक्षाकृत कम रेडिएशन देने में मदद मिलती है और इलाज के बाद बौद्धिक व न्यूरोलॉजिकल दुष्प्रभावों का जोखिम कम किया जा सकता है। देश में हर साल 1,800 से 2,000 प्राथमिक ब्रेन ट्यूमर के मामले सामने आते हैं। इंडियन कैंसर सोसायटी की मानद सचिव उषा थोरात ने कहा कि 'अमृत स्पर्श' का उद्देश्य मरीजों को इलाज के बाद फिर से शिक्षा, रोजगार, परिवार और समाज के सामान्य जीवन में लौटाना है। भविष्य में इसका विस्तार महाराष्ट्र सहित देश के अन्य हिस्सों तक करने की योजना है।

विदेशी यात्राओं को सार्वजनिक करें राहुल गांधी: BJP

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीजेपी ने राहुल गांधी के विदेशी यात्रा सार्वजनिक करने की मांग की है। महाराष्ट्र बीजेपी प्रवक्ता अजय पाठक का कहना है कि राहुल गांधी ने 265 विदेशी यात्राएं की हैं, जिन्हें गुप्त रखा गया है। राहुल गांधी को इसकी जानकारी जनता को देनी चाहिए कि उन्होंने किन-किन देशों की यात्रा की। पाठक ने दावा किया कि देश की जनता जानना चाहती है कि आखिर बार-बार वे विदेश यात्राओं पर क्यों जाते हैं? किन-किन विदेशी लोगों, संगठनों और संस्थाओं से उनकी मुलाकात करते हैं? इन बैठकों का एजेंडा क्या रहता है? विदेश यात्रा के दौरान भारत के लोकतंत्र और राष्ट्रीय हितों से जुड़े किसी भी विषय पर चर्चा होती है या नहीं? जब देश के प्रधानमंत्री विदेश जाते हैं, तो पूरा ब्यौरा सार्वजनिक होता है। लेकिन राहुल गांधी की यात्राएं हमेशा रहस्यमय रही हैं। अचानक देश से जाना और फिर आना, यह लोकतांत्रिक पारदर्शिता के खिलाफ है।

अजय पाठक

सात रास्ता- महालक्ष्मी मैदान को जोड़ेगा

केबल-स्टे ब्रिज दिसंबर तक बनकर होगा तैयार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई में रेलवे ट्रैक के ऊपर बनाया जा रहा BMC का पहला केबल-स्टे ब्रिज अब अंतिम चरण में है। BMC ने इसका काम 31 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। महालक्ष्मी रेलवे स्टेशन के पास बन रहा यह ब्रिज सात रास्ता को महालक्ष्मी मैदान से जोड़ेगा। इसके शुरू होने से इस इलाके में आने-जाने वाले लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलने की उम्मीद है। BMC एडिशनल कमिश्नर अभिजीत बांगर ने गुरुवार को केशवराव खाड्ये मार्ग पर चल रहे काम का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

803 मीटर लंबा होगा ब्रिज: ब्रिज की कुल लंबाई 803 मीटर और चौड़ाई 17.2 मीटर होगी। रेलवे की सीमा में आने वाले हिस्से की चौड़ाई 23.01 मीटर रहेगी। ब्रिज को सहारा देने के लिए 78.5 मीटर ऊंचा पायलन तैयार हो चुका है। वहीं, 95 मीटर लंबा पश्चिमी स्पैन भी पूरा हो गया है। अब रेलवे परिसर में आने वाले 165 मीटर लंबे पूर्वी स्पैन का काम शुरू किया जाना है। इसके लिए BMC को रेलवे से जरूरी ब्लॉक मिलने का इंतजार है।

पांच पिलर का काम बचा

पायलन के पश्चिमी हिस्से में ज्यादातर पिलर तैयार हो चुके हैं। हालांकि, ट्रैफिक डायवर्जन की जरूरत के कारण पांच पिलर का काम बाकी है। इसके लिए BMC कंक्रीट सर्विस रोड तैयार कर रही है। ट्रैफिक पुलिस की मंजूरी मिलने के बाद पहले इस सर्विस रोड पर डायवर्ट किया जाएगा और बाकी पिलर का काम पूरा किया जाएगा। ब्रिज के आसपास यूटिलिटी लाइन शिफ्ट करने का काम भी जारी है। ब्रिज शुरू होने से सात रास्ता, महालक्ष्मी और नजदीकी इलाकों के बीच लोगों को सुविधा होगी।